हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 20 जुलाई 2025

09 दो दिन से नहीं हुई बारिश, धूप ने बढ़ाई गर्मी-उमस



10 ग्राम मुंआर से प्रतापगढ़ जाने वाली सड़क की पुलिया हुई...





## खबर संक्षेप

### कायस्थ समाज आज करेगा जिलेभर के 70 मेधावी छात्रों का सम्मान

**विदिशा।** स्व. ओमकार प्रसाद श्रीवास्तव की स्मृति में कायस्थ सभा द्वारा आज रविवार को चित्रगुप्त मंदिर में चित्रांश विद्या प्रतिभाशाली सम्मान समारोह एवं फ्यूचर कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कायस्थ समाज के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि सम्मान समारोह में जिलेभर के करीब 70 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2024-2025 प्रतिभा सम्मान के लिए 10वीं में 70 और 12वीं में 65 % से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शामिल किया गया है। साथ ही आईआईटी, नीट, पीएटी, सीए, बैंक पीएससी, आईएएस, आईपीएस एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित विदिशा जिले के कायस्थ समाज के विद्यार्थियों को भी शामिल किया है। सम्मान समारोह आज रविवार शाम 4.30 बजे से शेरपुरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर के लाल बहादुर शास्त्री सभागार में होगा।

### हनुमान मंदिर प्रांगण में लगाया सिंदूर का पौधा



**ग्यारसपुर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत शनिवार को ग्यारसपुर थाना परिसर स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में पौधारोपण किया गया। ग्यारसपुर मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर, मंदिर पुजारी शुभम शर्मा, सेवानिवृत्त शिक्षक प्यारेलाल शर्मा समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने सिंदूर का पौधा लगाया। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से इस पौधे की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाया गया।

### ज्योति को मिला सर्वश्रेष्ठ समन्वयक का पुरस्कार

**विदिशा।** सहकारिता एवं खेल और युवा कल्याण विभाग के मंत्री विश्वास कैलाश सारंग द्वारा ग्रामीण युवा केंद्र लटेरी, खेल और युवा कल्याण विभाग विदिशा की युवा समन्वयक ज्योति अहिरवार को उत्कृष्ट कार्य करने पर भोपाल में आयोजित समन्वयकों की कार्यशाला में सम्मानित किया गया है। पूरे मप्र से कुल 6 समन्वयकों को कार्यशाला में सम्मानित किया गया है। गौरतलब है कि ज्योति अहिरवार लटेरी विकासखंड में खेल और युवा कल्याण विभाग की विभिन्न गतिविधियों का संचालन सुचारू रूप से करती हैं।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं का परीक्षण

**विदिशा।** शनिवार को विदिशा शहरी परियोजना की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिका का नेत्र परीक्षण करवाया गया। सहायक नेत्र चिकित्सक एवं सुनील जैन द्वारा 103 कार्यकर्ता, सहायिकाओं का नेत्र परीक्षण ऑटो रिफ्लेक्टोमीटर मशीन द्वारा किया गया। उन्हे चश्मे का नंबर दिया गया। वार्डवॉय राकेश मालवीय भी उपस्थित रहे। परीक्षण में 200 से ज्यादा कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने आपनी जांच करवाई है। नेत्र चिकित्सक द्वारा नेत्र सुरक्षा की सलाह दी गई।

### फरार आरोपियों की सूचना देने पर इनाम

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी ने थाना बासौदा एवं थाना कुरवाई में दर्ज दो प्रकरण में फरार आरोपियों की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले को तीन-तीन हजार का नगद इनाम देने की घोषणा की है। बासौदा के थाना देहात में दर्ज अपराध प्रकरण का फरार आरोपी बुन्देल सिंह पुत्र अनंत सिंह लोधी निवासी नयागांव थाना त्योंदा एवं कुरवाई थाना में दर्ज अपराध का फरार आरोपी कल्ला उर्फ शुभेन्द्र पुत्र लाखन सिंह राजपूत निवासी ग्राम झागर की सूचना देने पर इनाम की राशि दी जाएगी।

---

### कलेक्टर गुप्ता ने राजस्व कार्यों की समीक्षा कर दिए निर्देश

# तेजी से करो वसूली, नामांतरण, पर्यटन व जलभराव जैसे विषयों पर दिए निर्देश

शनिवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जिले के कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित बेतवा सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में राजस्व कार्यों की व्यापक समीक्षा की। बैठक में एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारियों की उपस्थित रहे। कलेक्टर ने विशेष रूप से राजस्व वसूली, नामांतरण, बंटवारा, नक्शा तरमीम, पीएम किसान योजना, पर्यटन विकास और बारिश से उत्पन्न समस्याओं पर गंभीरता से निर्देश दिए।

#### राजस्व वसूली को दें प्राथमिकता, ग्रामवार सूची बनाकर हो कार्य

कलेक्टर ने कहा कि प्रदेश स्तरीय ग्रेडिंग में विदिशा जिले की स्थिति मजबूत बने, इसके लिए राजस्व वसूली को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने वसूली के लिए ग्रामवार सूची तैयार कर, आरआई को जिम्मेदारी सौंपने के निर्देश दिए। साथ ही गिरदावरी कार्यों की आगामी बैठक में जानकारी प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने विवादित और अविवादित नामांतरण, बंटवारा तथा नक्शा तरमीम जैसे मामलों में विलंब न हो, इसके लिए समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। आरबीसी 64 के अंतर्गत सर्पदंश के मामलों में मुआवज़े के भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी न हो, यह सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल डामोर, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोड़िया, संयुक्त कलेक्टर मोहिनी शर्मा, निकिता तिवारी सहित जिले के समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।





विदिशा। राजस्व अधिकारियों की बैठक के मौजूद जिलेभर के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता।

#### बैठक में अधिकारियों को यह तीन महत्वपूर्ण निर्देश दिए

**भरण-पोषण मामलों में संवेदनशीलता बरतें**
कलेक्टर ने भरण-पोषण से जुड़े मामलों को अत्यंत गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवेदक परेशान न हो, इसके लिए सिविल कोर्ट में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निपटारा हो और विशेष व्यवस्थाएं बनाई जाएं।

**पर्यटन के रास्तों पर लगें सूचनात्मक बोर्ड**
जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कहा कि चिन्हित पर्यटन स्थलों की सूची तैयार की जाए और उनकी जानकारी बोर्ड के माध्यम से प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित की जाए। इससे पर्यटकों को जिले के अन्य स्थलों की जानकारी भी मिल सकेगी। जल्द ही पर्यटन समिति की बैठक बुलाकर ठोस कार्ययोजना बनाई जाएगी।

#### बायोमैट्रिक अटेंडेंस प्रणाली अनिवार्य

उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को अपने कार्यालयों में बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए। इससे कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित हो सकेगी और कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता बनी रहेगी।

#### अवैध कॉलोनियों पर सख्त कार्रवाई करो

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने न्यायालयीन कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि तीन माह से अधिक या आठ-दस पेशियों से लंबित पत्रक न रहें। नामांतरण, बंटांकन एवं नक्शों से संबंधित कार्यों में भी पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित हो। अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध कार्यवाही की भी विशेष हिदायत दी गई। बैइक में विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

#### बरसात में रास्ते न हों बाधित, शिक्षा न रुके

कलेक्टर ने बरसात के कारण उत्पन्न जल भराव एवं कीचड़ की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों को स्कूल पहुंचने में कोई बाधा न हो। जल निकासी की व्यवस्था पुख्ता हो और खराब सड़कों के लिए वेंडर को नोटिस जारी किए जाएं।

---

# 7.25 करोड़ से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की 11 सड़कें होंगी पक्की

**मिली मंज़ूरी:** सिर्फ जिपं की बैठक में अनुमोदन शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



ग्रामीण विकास की दिशा में विदिशा जिला एक और महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत जिले के 11 कच्चे मार्गों को पक्की सड़कों के रूप में विकसित किए जाने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। इन प्रस्तावों को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री और क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान द्वारा अनुशंसित किया गया है।

#### 7.25 करोड़ स्वीकृत

इस कार्य के लिए 7.25 करोड़ रुपए की लागत स्वीकृत की गई है। अब जिला पंचायत की सामान्य सभा से इन प्रस्तावों का अनुमोदन लिया जाना शेष है, जिसके बाद निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सकेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने कहा यह सिर्फ सड़क निर्माण नहीं, बल्कि ग्रामीण आत्मनिर्भरता और समग्र विकास की दिशा में एक ठोस पहल है। हम गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। इन मार्गों की स्वीकृति से यह भी स्पष्ट होता है कि सरकार ग्रामीण जनों की वर्षों पुरानी मांगों को गंभीरता से लेकर धरातल पर उतारने के लिए कृतसंकल्पित है।

#### ये सड़कें होंगी पक्की

- पांझ से किरमची रुसली तक
- मेन रोड से रसूलपुर तक
- काल भैरव मंदिर से आवास बस्ती
- ढोलखेड़ी, हिनौतिया, लश्करपुर रोड से जमालदी तक
- भैरोखेड़ी (पीएमजीएसवाई रोड) से पिपरहूंटा बस्ती तक
- शेरपुर कस्बा रोड से उमरखेड़ी
- खेजड़ा सुल्तान रोड से आवास बस्ती तक
- करारिया लश्करपुर रोड से जादौन बस्ती तक
- मुहाना से आवास बस्ती मुहाना
- काशीराम खेजड़ा से मूडराखेड़ा
- आदर्श कॉलेज से निमखिरिया करार टपरा तक

### 309 घरों में जांच, 12 घरों में मिला डेंगू का लार्वा

**विदिशा।** स्वास्थ्य विभाग, मलेरिया टीम, नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं व उषा कार्यकर्ताओं द्वारा करैया खेड़ा व सुभाष नगर में डेंगू जागरूकता रथ, फॉगिंग व लार्वा सर्वे अभियान चलाया गया। इस दौरान 309 घरों के 1474 कंटेनरों की जांच में 12 घरों में लार्वा पाया गया, जिसे कीटनाशक दवा से नष्ट किया गया। जनजागरूकता बढ़ाने हेतु आईईसी गतिविधियाँ भी की गईं। नागरिकों से अपील की गई है कि वे हर सप्ताह अपने घर के कूलर, टंकियों, गमलों, पशु-पक्षी के पानी के बर्तनों की सफाई करें। बड़े कंटेनरों में मीठा तेल डालें।

---

# पुलिस की कार्रवाई से नाराज राजपूत समाज ने ज्ञापन सौंपा

**एसपी-कलेक्टर को हटाने व न्यायिक जांच की मांग**



विदिशा। कलेक्टट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए करणी सेना के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

हरदा में करणी सेना के सदस्यों पर लाठी चार्ज और पदाधिकारियों की गिरफ्तारी के विरोध में करणी सेना और राजपूत समाज ने शनिवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हरदा में हुई पुलिस कार्रवाई का विरोध किया गया है। पुलिस पर आरोप है कि उन्होंने राजपूत छात्रावास में घुसकर छात्रों पर लाठियां चलाईं। समाज के लोगों से पूछताछ के दौरान मारपीट की गई। जिससे राजपूत समाज में रोष व्याप्त है। संगठन ने कहा कि इस कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

#### एसपी, कलेक्टर, थाना प्रभारी को हटाने मांग

करणी सेना ने प्रशासन के खिलाफ कई मांगें रखी हैं। पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच की मांग की गई है। जांच पूरी होने तक हरदा के एसपी, कलेक्टर और थाना प्रभारी को हटाने की मांग की है। छात्रावास में लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों पर आईपीसी की धारा 307 के तहत केस दर्ज करने की मांग रखी गई है। युवकों पर दर्ज झूठे मामलों को वापस लेने की भी मांग की गई है। करणी सेना ने चेतावनी दी है कि यदि दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

---

**सीएम के आगमन को लेकर समीक्षा बैठक हुई, तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप**

# सीएम का कुरवाई आना क्षेत्र के लिए गौरव की बात, विकास को नई दिशा मिलेगी: जिपं अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरवाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित कुरवाई दौरे को लेकर जनपद पंचायत कार्यालय कुरवाई में एक समीक्षा बैठक हुई। बैठक की जिपं अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त गीता कैलाश रघुवंशी ने की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री के स्वागत-सत्कार, मंच व्यवस्था, अतिथि प्रबंधन, आमंत्रण पत्र वितरण, सुरक्षा व्यवस्था, प्रचार-प्रसार और जनसहभागिता जैसे अहम बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को विभागीय जिम्मेदारियां सौंपते हुए समन्वित और समयबद्ध कार्य की अपेक्षा जताई गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता रघुवंशी ने कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कुरवाई आगमन हमारे लिए गर्व का विषय है। यह न केवल क्षेत्र के विकास को नई दिशा देगा, बल्कि हमारी सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक विरासत को भी एक नई पहचान दिलाएगा।





#### विधायक सप्रे ने सरपंच सचिवों को दिए निर्देश

बैठक में प्रमुख रूप से शामिल हुए विधायक हरिसिंह सप्रे ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 23 जुलाई को प्रस्तावित कुरवाई दौरे को लेकर शनिवार को जनपद अंतर्गत सरपंचों एवं सचिवों को संबोधित किया। विधायक सप्रे ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने और अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। सभी सरपंचों और सचिवों ने कार्यक्रम को सफल बनाने की प्रतिबद्धता जताई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक ग्राम में जनसंपर्क अभियान चलाकर हितग्राहियों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा।

### लोक सेवा केंद्र शमशाबाद पर 10 हजार का जुर्माना

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर शमशाबाद तहसील स्थित लोक सेवा केंद्र में अनियमितताएं पाए जाने पर संचालक देवेन्द्र कुमार पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि केंद्र में निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूलने और सेवाओं में अनियमितता की शिकायतें मिल रही थीं। जांच में दोष सिद्ध होने पर आरएफपी के प्रावधानों के तहत यह कार्रवाई की गई। देवेन्द्र कुमार को राशि जमा कर चालान की प्रति 7 दिवस में कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रस्तुत करनी होगी। जुर्माना न चुकाने पर लोक सेवा केंद्र की निविदा निरस्त की जा सकती है।

### बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम चलाया जा रहा अभियान

**विदिशा।** जिले में 1 से 20 जुलाई तक चल रहे बाल भिक्षावृत्ति विरोधी जागरूकता अभियान के तहत आज शनिमंदिर बेतबा घाट क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। कलेक्टर के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की। इस दौरान 7 बच्चे भिक्षावृत्ति करते पाए गए। टीम ने परिजनों और आमजन को समझाया कि बच्चों से भीख मंगवाना कानूनन अपराध है। लोगों से अपील की गई कि वे बच्चों को भिक्षा नहीं, शिक्षा दें और सभी बच्चों को स्कूल भेजें। साथ ही यह भी बताया गया कि भिक्षावृत्ति कर रहे बच्चों की सूचना तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दें।

### 24 घंटों में 4 इंच बारिश

विदिशा। जिले में 1 जून से अब तक 18 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है। अगले तीन दिन तक हल्की बारिश की संभावना है। शनिवार सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। बीच-बीच में धूप भी निकल रही है। बारिश रुकने की वजह से तापमान में बढ़ोतरी हुई है। अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। पिछले 24 घंटों में जिले में कुल 4 इंच बारिश हुई।

### मंडी में चोरी करते पकड़ा गया युवक: शटर उठाकर घुसा चाकू दिखाकर डराया, 50 कट्टी गेहूं ले जाने की कोशिश

**विदिशा।** कृषि मंडी क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक युवक को चोरी करते रंगे हाथों पकड़ लिया गया। आरोपी दुकान का शटर उठाकर अंदर घुसा था और करीब 50 कट्टी गेहूं चुराने की कोशिश कर रहा था। घरवालों ने उसे देख लिया और मौके पर ही पकड़ लिया। परिजनों के अनुसार युवक के पास चाकू भी था वह डराने की कोशिश कर रहा था कि नहीं छोड़ा तो हमला कर देगा। उसके पास एक बिना नंबर की हीरो होंडा बाइक भी मिली। युवक ने कहा कि चोरी वह नहीं कोई और कर रहा था और वह तो उसे पकड़ने आया था। हालांकि किसी ने उसकी बात नहीं मानी और उसे पुलिस को सौंप दिया गया। पूछताछ में उसने खुद को करैयाखेड़ा रोड निवासी बताया। दुकानदारों ने बताया कि कुछ दिन पहले भी पास की दुकान से ऑयल की दो बड़ी कैन चोरी हुई थीं, जिसकी शिकायत दर्ज कराई गई थी। अभी तक चोर नहीं पकड़ा गया।

---

**हर अंतिम यात्रा गरिमामय बनाने जिपं अध्यक्ष की सराहनीय पहल**

# जिपं अध्यक्ष के निर्देश: अंतिम यात्रा सम्मानजनक हो, 15वें वित्त आयोग की राशि से मुक्तिधामों का जीर्णोद्धार किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मुक्तिधामों की दयनीय स्थिति को देखते हुए जिपं एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त गीता कैलाश रघुवंशी ने पहल करते हुए शुक्रवार को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए।

उन्होंने जिला पंचायत सीईओ को निर्देशित किया है कि जिले की समस्त ग्राम पंचायतें 15वें वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग की राशि से अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित मुक्तिधामों की चबूतरा मरम्मत, टीन शेड के जीर्णोद्धार अथवा आवश्यकता अनुसार अस्थायी संरचनाओं का निर्माण तत्काल सुनिश्चित करें।

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने कहा अंतिम यात्रा भी सम्मानजनक होनी चाहिए। यह हमारा सामाजिक और मानवीय उत्तरदायित्व है। यह निर्णय हाल ही में सोशल मीडिया व समाचार माध्यमों में प्रकाशित उन खबरों के मद्देनज़र लिया गया। जिनमें जिले के विभिन्न गांवों में मुक्तिधामों की खस्ताहाल स्थिति उजागर की गई थी। कहीं चबूतरे गायब हैं तो कहीं शेड जर्जर होकर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में व्यवधान उत्पन्न कर रहे हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने यह भी उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अंतर्गत मुक्तिधामों के उन्नयन को राज्यस्तरीय प्राथमिकता दी है। जिससे यह अभियान एक व्यापक जनहितकारी पहल का रूप ले चुका है।

#### जिपं अध्यक्ष ने सीईओ को दिए यह निर्देश



- जहां पूर्ण रूप से मुक्तिधाम नहीं हैं, वहां प्राथमिकता से अस्थायी निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाएं, जिससे अंतिम संस्कार एक निश्चित स्थान पर हो सकें।
- सभी पंचायतें 15 दिनों के भीतर जिओ टैग युक्त फ़ोटो एवं कार्य प्रगति रिपोर्ट जिला पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करें।
- वित्तीय संसाधनों के त्वरित उपयोग में पारदर्शिता व गुणवत्ता सुनिश्चित हो।

### एसबीआई द्वारा पेंशनर्स मिलन समारोह हुआ





**विदिशा।** भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय विदिशा के मार्गदर्शन में मुख्य शाखा विदिशा द्वारा पेंशनर्स मिलन समारोह व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में राज्य सरकार और बैंक के पेंशनर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक विनय सिंह ने पेंशनर्स को संबोधित करते हुए बैंक द्वारा पेंशनर्स के लिए चलाई जा रही योजनाओं व डिजिटल बैंकिंग सेवाओं की जानकारी भी साझा की। मुख्य शाखा प्रबंधक हितेंद्र सिंह भदौरिया, कलेक्ट्रेट शाखा के अतिलेश सोनी, एसटीआई शाखा के रवि पाठक एवं कृषि वाणिज्य शाखा के मनोज सोनी ने पेंशनर्स एसोसिएशन अध्यक्ष ओपी चतुर्वेदी सहित सभी वरिष्ठ पेंशनर्स का शाल व श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व लीड बैंक मैनेजर नरेश मेघानी, डॉ. ओजस्विनी जौहरी, संतोष नामदेव, मानव संसाधन प्रबंधक अंशुल शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विपिन चौबे ने किया।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2675
उच्चतम भाव- 3405
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 2680
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2380
उच्चतम भाव-2450
चना
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-5945
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3625
धान
न्यूनतम भाव-2130
उच्चतम भाव-3050
मसूर
न्यूनतम भाव-4100
उच्चतम भाव-6600
सरसों
न्यूनतम भाव-3700
उच्चतम भाव-7650
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव-4410
मूंग
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-7500
उड़द
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3300
धनिया
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-6500
तुअर
न्यूनतम भाव-4711
उच्चतम भाव-4711
अलसी
न्यूनतम भाव-6821
उच्चतम भाव-6821
जौ
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-2200

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शनिवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 4255 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# पंचतत्व समिति ने 25 पौधों का किया रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पंचतत्व ने यह ठाना है, हर हाथ से पौधा लगाना है अभियान के अंतर्गत विभिन्न किस्मों के पौधे नगर के बर्रीघाट रोड स्थित चौरावर में क्रेशर यूनियन के सदस्यों ने और पंचतत्व संरक्षण समिति ने रोपे। जिसमें जामुन, पीपल, आम, सीताफल, बरगद, नीम, बेलपत्र, आंवला, गुलमोहर ओर सप्तपर्णी जैसे किस्मों के 25 पौधों का रोपण किया। जिनके संरक्षण की जवाबदारी क्रेशर यूनियन के सदस्यों ने ली है। यहां उल्लेखनीय है कि यूनियन के सदस्यों ने क्रेशर क्षेत्र में लगभग 15000 वर्गफिट की जगह को चारों ओर जाली लगाकर भैरोंबाबा एवं सिद्ध बाबा स्थल बनाया है। इसी बाउंड्री के अंदर पौधों को लगाया गया है। यूनियन के सभी सदस्यों ने इन पौधों को सुरक्षित कर पेड़ बनाने का संकल्प लिया है, पौधे पंचतत्व समिति के वरिष्ठ सदस्य विजय सोलंकी ने उपलब्ध कराए हैं। इस अवसर पर पंचतत्व के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, प्रमोद सिंह राजपूत, मनोज राठौर, संजय भंडारी, मंगल सिंह राजपूत, ईश्वर सिंह, मुकेश रघुवंशी, अब्दुल मतीम, जीवन वैष्णव, अनंत सिंह, गोलू यादव, झब्बू, राकेश आदि उपस्थित थे।



## शहीद मंगल पांडे का जन्मदिवस और गोपालदास नीरज की पुण्यतिथि मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय पाठक संघ द्वारा स्थानीय शहर वाचनालय पुरानी नगर पालिका के पास शहर के गणमान्य नागरिकों ने क्रांति के अग्रदूत मंगल पांडे की जयंती तथा प्रसिद्ध कवि गोपाल दास नीरज की पुण्यतिथि मनाई।

इसमें समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि मंगल पांडे का जन्म उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ और वह क्रांति के अग्रदूत कहलाए। दीपक तिवारी ने मंगल पांडे को महान स्वतंत्रता सेनानी,गोपाल दास को प्रसिद्ध कवि बताया। अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गोपाल दास नीरज को भारत सरकार द्वारा पदम श्री व पद्म भूषण से सम्मानित किया गया, उनकी अमर रचना कारवां गुजर गया बहुत प्रसिद्ध हुई। कार्यक्रम के अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया। इसमें प्राण सिंह भावसार, बबलू राय, रमेश सोलंकी, सुबोध जैन, नंदकिशोर सोनी, देवेंद्र शर्मा, मोहन सैनी सहित अनेक पाठकगण उपस्थित थे।

### स्वच्छता अमला जुटा है जल निकासी के साथ साफ-सफाई करने के लिए

# मानसून सीजन में जोर-शोर से चल रहा है नपा का सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बारिश के सीजन में कहीं जलभराव या जलजमाव न हो इसको लेकर नपा अमले ने मानसून के पूर्व से लेकर बरसात के इन दिनों में भी सफाई अभियान चला रखा है। इसी के तहत प्रतिदिन नपा अमला नगर के विभिन्न वार्डों में नाले नालियों की सफाई करते हुए जगह जगह से कचरे की सफाई भी करवा रहा है। ताकि नागरिकों को दिक्कत न हो और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी न उठानी पडें।

यहां उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष मानसून के पूर्व नपा द्वारा जलनिकासी के लिए नाले नालियों की सफाई कराई जाती है। इस वर्ष भी नपा ने यह अभियान चलाया था। इसके बाद मानसून के आते ही जगह जगह से नाले नालियों के चौक होने और कचरे के ढेर के कारण परेशानी होने की शिकायतें आ रही हैं। जिसको देखते हुए नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव के निर्देश पर नपा के स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा के मार्गदर्शन में सफाई अमले द्वारा लगातार नाले नालियों एवं कचरे की सफाई का अभियान चलाया जा रहा है।





इसी के तहत शनिवार को वार्ड क्रमांक 4 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। वहीं वार्ड क्रमांक 6 में राम सिंह यादव के घर के पास वाली नाली की सफाई करवाई गई। पार्षद मनीष विश्वकर्मा, नितिन यादव एवं सभापति के अलावा स्वच्छता अधिकारी आरके नेमा, स्वच्छता निरीक्षक प्रभारी अभिषेक श्रीवास्तव, प्रभारी मेट शीतल खरे की मौजूदगी में काम कराया गया। इसके अलावा वार्ड नंबर 16 सुंदर मंदिर के पास सिद्धिविनायक कॉलोनी में सफाई का काम कराया गया। कॉलोनी में गंदगी को देखते हुए लोग बहुत परेशान थे। गत दिवस नागरिकों ने नगर पालिका पहुंचकर सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव को अपनी समस्या बताई थी। जिसके बाद उनके निर्देश पर सफाई अमले ने पूरी नालियां साफ करते हुए जलनिकासी के लिए कुछ रैम भी तोड़े और व्यवस्थित काम किया। इस सफाई के बाद कॉलोनी के लोगों ने नपा प्रशासन का आभार भी व्यक्त किया। इधर वार्ड क्रमांक 24 में भाउआ जी के पीछे वाला नाला एवं पुलिया की सफाई स्वच्छता अमले द्वारा की गई। वहीं वार्ड क्रमांक 14 शासकीय स्कूल के पीछे आंगनबाड़ी के पास के ग्राउंड की सफाई कर्मचारी द्वारा की गई।


यहां उल्लेखनीय है स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में नगर पालिका परिषद गंजबासौदा को विदिशा सिरोंज की ही भाँती एक स्टार रैंक हासिल हुई है। इस सर्वेक्षण में अलग-अलग व्यवस्थाओं और प्रबंधन को लेकर कुल 12500 अंक रखे गए थे। जिनमें से नपा गंजबासौदा 9720 अंक पाकर एक स्टार की श्रेणी में आया है। अभी नपा प्रबंधन द्वारा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, सीवेज लाइन सहित पुराने कचरे के निष्पादन की योजनाओं को क्रियान्वयन किया जा रहा है। स्वच्छता रैंकिंग में लगातार सुधार होना नगर की सफाई व्यवस्था के ही कारण संभव हो पा रहा है। सफाई कर्मचारियों की लगातार मेहनत और कार्य कुशलता के साथ नागरिकों के सहयोग से आगामी समय में नपा की स्वच्छता में रैंकिंग और भी सुधर सकती है और नगर पालिका टॉप 20 में शामिल हो सकती है।

### देहात थाना पुलिस ने की नगद इनाम की घोषणा

गंजबासौदा। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने देहात थाना के एक प्रकरण में फरार आरोपियों की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए तीन-तीन हजार रूपए नगद इनाम देने की घोषणा की है। देहात थाना में दर्ज अपराध में फरार आरोपी बुन्देल सिंह पुत्र अनंत सिंह लोधी निवासी नयागांव थाना त्योंदा की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी में मदद करने वालों के लिए क्रमशः तीन-तीन हजार रूपए का नगद इनाम घोषित किया गया है। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## वेदांत आश्रम में प्रतिदिन हो रहा पार्थिव शिवलिंग निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में पावन सावन के मौके पर प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण के साथ रुद्राभिषेक किया जा रहा है। प्रतिदिन अलग-अलग रूपों में शिवलिंग निर्माण के पश्चात भगवान शिव का पंचामृत स्नान, पूजन के साथ उनका अद्भुत श्रृंगार किया जाता है। शनिवार को आश्रम में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण बाबा जगन्नाथदास संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। शिवपूजन के दौरान आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज ने बताया कि जो प्रतिदिन पार्थिव पूजन करता है, उसे इस लोक और परलोक में भी अखंड शिव भक्ति प्राप्त होती है। सावन के महीने में पार्थिव शिवलिंग की पूजा विशेष फलदायी मानी जाती है, क्योंकि यह महीना भगवान शिव को अति प्रिय है। शिव पुराण के अनुसार, पार्थिव पूजन से दस हजार कल्प तक स्वर्ग में स्थान मिलता है और अंत में मोक्ष की प्राप्ति होती है।

आश्रम में संस्कृत विद्यालय के वेद अध्यापक शिवशंकर पांडेय बनारस ने पार्थिव पूजन के महत्व को बताते हुए कहा कि कच्ची मिट्टी का शिव-लिंग बनाकर उसका किया जाने वाला पूजन पार्थिव पूजन कहलाता है। सावन मास को शिव जी का माह माना जाता है, इसलिए इन दिनों पार्थिव शिवलिंग बनाकर शिव पूजन करना विशेष पुण्य प्रदायक होता है। शास्त्रों के अनुसार पार्थिव शिवलिंग का पूजन करने से करोड़ों यज्ञों के बराबर फल भी प्राप्त होता है। कलयुग में कूष्माण्ड ऋषि के पुत्र 'मंडप ऋषि' ने पार्थिव पूजन प्रारम्भ किया था। शिव महापुराण के अनुसार पार्थिव पूजन से धन, धान्य, आरोग्य और पुत्र की प्राप्ति होती है। वहीं मानसिक और शारीरिक कष्टों से भी मुक्ति मिल जाती है। पार्थिव पूजन से अकाल मृत्यु का भय समाप्त होता है।

शिवपुराण में लिखा है कि पार्थिव पूजन सभी दुःखों को दूर करके सभी मनोकामनाएं पूर्ण करता है। भगवान श्री राम ने भी लंका पर विजय पाने व रावण के साथ युद्ध करने से पहले पार्थिव शिवलिंग की पूजा की थी। श्री राम द्वारा इस पूजा को करने के बाद उन्होंने लंका पर विजय प्राप्त की थी। न्याय के देवता शनिदेव ने भी सूर्य से अधिक शक्ति पाने के लिए काशी में पार्थिव शिवलिंग बनाकर भगवान महादेव की पूजा की थी।

### यातायात पुलिस ने नगर में चलाया जागरुकता अभियान

गंजबासौदा। पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित "नशे से दूरी है ज़रूरी" अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के नेतृत्व में यातायात प्रभारी निरपत सिंह लोधी, वीरेंद्र तिर्की, राजीव पाण्डेय, मनीष साहू बस स्टैंड पर ऑटो चालक भाइयों को नशे से दूर रहने एवं नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया और नशा ना करने की शपथ दिलाई गई। नशे के सौदागरों के विरुद्ध पुलिस को सहयोग देने की अपील की गई एवं जागरूक नागरिक बनें, पुलिस का साथ दें और नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करें।



### रेलवे ट्रेक पर मिले तमिलनाडु के मृतक का शव पहुंचाया

गंजबासौदा। पिछले दिनों ग्राम छुल्हैंटा के पास डाउन ट्रेक पर एक शव पुलिस ने बरामद किया था। शव की पहचान उसके पास मिले आधार कार्ड से हुई। जिसमें उसका नाम मासानामुत्थु अविराकम उम्र 42 वर्ष दर्ज था। जबकि उसका निवास स्थान सुडाविलाई तिरूनावैली तमिलनाडु था। पुलिस ने इस जानकारी के आधार पर मृतक के परिजनों से संपर्क किया और फिर गत दिवस एंबुलेंस से मृतक का शव उसके गृह नगर तक पहुंचाने के लिए रवाना किया गया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मीडिया कम्प्यूटर कॉलेज के छात्रों का जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मीडिया कंप्यूटर कॉलेज में बीसीए छठवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत एक विशेष पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों को उनके जिला स्तर पर शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर फरहा खातून ने जिले में प्रथम स्थान, सोमिल नेमा ने द्वितीय स्थान, और रक्षा जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज और अपने परिजनों का नाम गर्व से ऊँचा किया। कॉलेज के डायरेक्टर कमलेश शर्मा ने छात्रों को पुरस्कार प्रदान करते हुए कहा कि, "यह सफलता इन छात्रों की मेहनत, अनुशासन और हमारे शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। ऐसे प्रतिभावान छात्र न केवल कॉलेज बल्कि पूरे जिले की शान होते हैं। उन्होंने अन्य छात्रों को भी निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दी और कहा कि मीडिया कंप्यूटर कॉलेज हमेशा से गुणवत्ता आधारित शिक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है।




### एक पेड़ मां के नाम पर परिसर में रोपे पौधे, करेंगे संरक्षण

# एसजीएस महाविद्यालय में हुआ पौधरोपण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किए गए।

पौधरोपण करना एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य मां के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है। जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। पेड़ हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह हमें ऑक्सीजन, स्वच्छ हवा, भोजन दवाईयां और वन्य जीवों के लिए आवास प्रदान करते हैं। पेड़ जलवायु को नियंत्रित करने मृद्धा अपरदन को रोकने और जैव विविधता की रक्षा करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक पेड़ मां के नाम का कार्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन एवं घनश्याम चौकसे के नेतृत्व में किया गया।

रासेयो की वरिष्ठ स्वयं सेविका अंजली झा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने पौधरोपण किया। भूमि रघुवंशी, धर्मेंद्र गुर्जर, पीयूष कुशवाहा मौजूद थे।

### साढ़े पांच सौ घनमीटर से अधिक रेत किया जब्त

गंजबासौदा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में प्रभारी खनिज अधिकारी प्रशांत कुमार तिवारी के नेतृत्व में खनिज निरीक्षक राजीव कदम, पटवारी एवं मय अमले राजपाल राजपूत के साथ ग्राम चैरावर स्थित शासकीय भूमि रकबा 1.045 हे. के अंशभाग क्षेत्र में रेत के एक ढेर के रूप में रखे अवैध भण्डारण की आकस्मिक जांच की। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया है कि यह रेत लोकेश रघुवंशी निवासी ग्राम गमाखर ने डलवाई है। रेत की माप की गई जिसमें 561.60 घनमीटर रेत को जब्त कर कोटवार सूरजसिंह अहिरवार को सुपुर्दगी में दी गई। अवैध भण्डारणकर्ता के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत कार्रवाई हेतु प्रकरण कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### योग प्रशिक्षण एवं प्राकृतिक जीवन जागृति शिविर आज से

गंजबासौदा। स्वयं स्वस्थ बनो अभियान समिति एवं मानव सेवा अभियान के संयुक्त तत्वाधान में बारहवां योग प्रशिक्षण एवं प्राकृतिक जीवन जागृति शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में प्रशिक्षण के लिए डॉ. गीता जैन एवं उनके विशेष सहयोगी दीपक जानी द्वारा बड़ी ही सरलता एवं बारीकियों के साथ योग का महत्व बताते हुए योग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। गीता दीदी का यह 12 वां योग शिविर होगा। पूर्व में हुए योग शिविर में कई प्रशिक्षार्थियों को योग से स्वास्थ्य में लाभ मिल चुका है। यह शिविर 21 से 30 जुलाई तक पुराना मेला ग्राउंड मानस भवन में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में सुबह 5:30 से 7:30 बजे तक योग का प्रशिक्षण एवं योग की बारीकियां की जानकारी दी जाएगी। आयोजकों ने नागरिकों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मानस भवन पहुंचकर शिविर में योग करने का सही तरीका सीखें एवं स्वास्थ्य लाभ लें।

## गंगा श्री प्ले स्कूल का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




शनिवार को स्थानीय अंबेडकर चौक पर गंगा श्री प्ले स्कूल का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। प्ले स्कूल के संचालक सेनित भावसार और प्राचार्या प्रीति भावसार ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर बोलते हुए नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने वर्तमान समय के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि परिवार एकल हो गए हैं।

अधिकांशतः परिवारों में देखा जा रहा है कि नौकरी पेशा एवं आम परिवारों में अनेक कारणों से अलग रहने के कारण छोटे बच्चों में ना बोलना, बच्चों का चुप चुप रहना और मोबाइल जैसी अनेक प्रवृत्तियां बढ़ती जा रही है। इसको देखते हुए प्ले स्कूलों का महत्व बढ़ता जा रहा है। बच्चों को प्ले स्कूलों में भेजकर अनेक गलत प्रवृत्तियों से दूर रखा जा सकता हैं। इसी क्रम में एसडीओपी शिखा भलावी ने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि बच्चों को प्ले स्कूल में भेजने से बच्चों में अनेक बदलाव आते हैं। बच्चे खेल-खेल में बहुत सी चीज सीखते हैं और उनकी रुचि की जानकारी भी मिलती है। बच्चे आपस में खेलते हैं, मिलते हैं और बातें करते हैं। जिससे उन्हें एक नए अनुभव का आभास होता है। जो आज के वातावरण को जरूरी है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छोटे-छोटे बच्चे अपने पेरेंट्स के साथ कार्यक्रम में पहुंचे और प्ले स्कूल में उपलब्ध नए-नए खिलौनों से खेलने का आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन शिवानी सुमन और प्रियंका साहू ने किया और आभार प्राचार्या प्रीति भावसार ने व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 23 को

**सागर।** डॉ हरी सिंह गौर विश्व विद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्रा. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 143 वा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 23 जुलाई दिन बुधवार समय 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयुर्वेद एवं निदान सहित मधुमेह रोग पर नि:शुल्क रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन, बी एम डी, यूरिक एसिड, बॉडी मास, मास पेशियों की जांच तथा योग प्रशिक्षण का आयोजन, शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। इच्छुक व्यक्ति 22 जुलाई तक डॉ राजेश शुक्ला से संपर्क कर सकते हैं एवं इस शिविर का निशुल्क लाभ ले सकते हैं ।

### गढ़ाकोटा का रहस मेला मध्यप्रदेश के वार्षिक कला पंचांग में शामिल

**गढाकोटा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा गढ़ाकोटा, जिला सागर में की गई घोषणा के आधार पर गढ़ाकोटा जिला सागर में प्रति वर्ष आयोजित होने वाले सांस्कृतिक रहस मेले का संचालन संस्कृति विभाग के माध्यम से स्थाई रूप से किया जायेगा। बता दें कि ेविभाग अंतर्गत संस्कृति संचालनालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक कला-पंचांग में गढ़ाकोटा में आयोजित होने वाले रहस मेले को सम्मिलित कर लिया गया है।

### तुलसी फाउंडेशन की कांवड़ यात्रा की बैठक आज

**सागर।** तुलसी फाउंडेशन सागर की कावड़ यात्रा की तैयारी को लेकर रविवार को दोपहर 3 बजे भोपाल रोड स्थित सरस्वती मैरिज गार्डन में मां नर्मदा जी के अनन्य भक्त कथा वाचक पंडित केशव गिरी महाराज के मार्गदर्शन में बैठक आयोजित की गई है। कांवड़ यात्रा के संयोजक हरिराम सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि सागर में प्रतिवर्ष श्रावण मास में निकलने वाली तुलसी फाउंडेशन की कावड़ यात्रा का भव्य आयोजन इस वर्ष भी किया जा रहा है।

### नगर पालिका परिषद की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर शहरवासियों में खुशी की लहर

# स्वच्छता सर्वेक्षण में नपा का शानदार प्रदर्शन, जिले में मिला प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

नगर पालिका परिषद सिरोंज द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में शानदार प्रदर्शन करने के कारण आज नपा को स्वच्छता के मामले में एक ऐतेहासिक उपलब्धि मिली। जिसके चलते नगर पालिका कर्मचारियो, जनप्रतिनिधि और आम नागरिको में हर्ष का माहौल देखने को मिल रहा है। सिरोंज नगर पालिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वच्छता सर्वेक्षण में राष्ट्रीय रैंक 227 में से सीधा 43वां स्थान एंव मध्यप्रदेश में 112 से छलांग लगाकर 42वां स्थान और भोपाल संभाग की 60 नगर पालिकाओ में से 8वां स्थान के साथ ही विदिशा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर सिरोंज का गौरव बढ़ाया। नपा की इस सफलता में नपा के स्वच्छता मित्रो,नपा कर्मचारियो व जागरूक नागरिको का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिन्होने शहर की प्रत्येक गली मोहल्ले को साफ सुथरा करने में अपना कीमती समय दिया और शहर को स्वच्छता में नम्बर वन पर लाकर खडा किया।

#### स्वच्छ और सुंदर शहर से बनी सिरोंज की पहचान

स्वच्छ सिरोंज,सुंदर सिरोंज अब यह नारा सिरोंज की पहचान बन गया है। शहर को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के हमेशा चिंता जताते नजर आते थें। साथ ही वह सफाई के मामलो में हमेशा नपा की कमर कसते रहते थें। तो वही विधायक उमाकांत शर्मा के नेतृत्व में शहर का जिम्मा संभाल रही तीन युवा अधिकारियो की टीम ने ऐसा कमाल कर दिखाया जिस कारण आज सिरोंज का






नाम गौरंवित हुआ। इन युवा अधिकारियो की टीम में शामिल तेज तरराट युवा अधिकारी एसडीएम हर्षल चौधरी ने शहर के गली मोहल्लो में पहुचकर साफ सफाई के काम को देखा। तो वही इस कार्य को अंजाम देने के लिए नपा के युवा सीएमओ राम प्रकाश साहू और उनके साथ कंदे से कंदा मिलाकर चले स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना रहें।

#### युवा अधिकारियों की टीम ने किया कमाल

एसडीएम हर्षल चौधरी ने नगर पालिका में पदस्थ सफाई कर्मचारियो के साथ मित्रवत व्यवहार करते हुए रात्रि कालीन शहर की सफाई प्रारंभ कराई थी। साथ ही एसडीएम हर्षल चौधरी द्वारा साइकिल पर नगर का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया और इस कार्य में सफाई मित्रो का हाथ बटाया। जिस कारण नगर पालिका परिषद के कर्मचारियो,सामाजिक संस्थाएं व नागरिको पर इस कार्य का काफी अच्छा प्रभाव पड और सभी ने काफी हद तक सफाई कार्य के लिए बीडा उठाया और आम नागरिको में जागरूकता पैदा की। इसका परिणाम यह रहा कि नगर पालिका सिरोंज को स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। तो वही नगर पालिका परिषद सिरोंज के युवा सीएमओ राम प्रकाश साहू की कार्य कुशलता एवं सब को साथ लेकर चलते की आदत ने आज सिरोंज को सफाई के मामले में नम्बर वन पर पहुचाया।

#### सिरोंजवासियों को मिला फायदा

नपा में पदस्थ स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना के पास जहा से भी गंदगी व सफाई कराने के लिए कॉल आया उन्होने तत्काल स्वंय वहा अपनी टीम के साथ उक्त स्थान की सफाई कराई। साथ ही उन्होने कर्मचारियो से मित्रवत व्यवहार करते हुए उनके साथ साफ सफाई के कार्य में सहयोग किया। इसी के साथ नपा स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना का एक युवा अधिकारी होने का फायदा भी शहरवासियो को मिला। धीरज मैना का एक लंबा अनुभव उज्जैन के सिंहत मेले में रहकर उत्कृष्ट साफ-सफाई के लिए जब उन्हें वहा पुस्कार मिला। उसका फायदा भी सिरोंजवासियो को मिला। उन्होने शहर के प्रत्येक मोहल्ले में जाकर सफाई के मामले में शिकायतकर्ताओ से मुलाकात कर मौके पर पहुचकर साफ-सफाई कराई। आज सिरोंज को स्वच्छता सर्वेक्षण में जो स्थान मिला। वह विधायक उमाकांत शर्मा के निर्देशन,एसडीएम हर्षल चौधरी के हाथ में शहर की स्वच्छता की कमान,नपा सीएमओ राम प्रकाश साहू,स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना की महनत का ही परिणाम है। जिन्होने इस कार्य को अंजात दिया और सिरोंज को स्वच्छता के मामले में एक ऐतेहासिल रैंक दिलाई।

#### अब नागरिकों के घरों में नहीं घुसता बारिश का पानी

यदि विगत वर्ष पूर्व की बात की जाए तो बारिश के मौसम में नगर की नालियो व नालो की साफ-सफाई सही से न होने के कारण कुछ ही मिनटो की बारिश में नालिया ओवर हो जाती थी और बारिश का पानी मुख्य बाजार में दुकानो व गली मोहल्लो में नागरिको के घरो में जा घुसता था। लेकिन इस वर्ष एसडीएम हर्षल चौधरी,सीएमओ राम प्रकाश साहू व स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना ने बारिश के मौसम के पूर्व ही नगर के प्रत्येक नालो की साफ-सफाई स्वंय खडें होकर कराई। जिस कारण आम नागरिको को बारिश का पानी घरो में घुसने से पूर्ण रूप से निजात मिली। अभी भी देखा जाता है कि चाहे कितनी ही तेज बारिश क्यो न हो रही हो नपा सीएमओ राम प्रकाश साहू व एचओ धीरज मैना नागरिको की शिकायत पर तत्काल मौके पर पहुचते है और उक्त समस्या का समाधान करते नजर आते है। तो वही आम नागरिको का कहना यह है कि यदि सिरोंज शहर में ऐसे ही युवा अधिकारियो की टीम रही तो एक दिन सिरोंज का नाम स्वच्छता के मामले में देश भर में लिया जाएगा।

## कचरा वाहन की आवाज सुनते ही कूड़ादान लेकर बाहर आ जाते हैं नागरिक

*यदि देखा जाए तो सिरोंज नगर पालिका में सफाई कर्मचारियो का अभाव है और हमेशा ही सफाई को लेकर जनप्रतिनिधि,प्रशासन ने नागरिको को जागरूक किया है। तो वही शहर के नागरिरको ने शहर को साफ सुथरा बनाने के लिए नपा का भरपूर सहयोग किया है। नागरिको द्वारा अपने घरो व दुकानो से निकलने वाले कचरे को बाहर सडको पर फेंकना बंद किया। पहले की यदि बात कि जाए तो आम नागरिक अपने घरो व दुकानो से निकलने वाले कचरे को सडक पर यहा वहा फेक देते थें। लेकिन नपा के अधिकारियो की समझाइश व शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने की भावना रखते हुए अब आम नागरिक अपने घरो व दुकानो से निकालने वाले कचरे को फेकने के लिए नपा की कचरा एकत्रित करने वाले वाहन का इंतजार करते है। जैसे ही नपा का कचरा एकत्रित करने वाला वाहन आता है। तो सभी नागरिक उक्त वाहन में ही अपना कचरा डालते है। यदि देखा जाए तो नगर के प्रत्येक वार्ड में महिलाएं व पुरूष सुबह के समय कचरा एकत्रित करने वाले वाहन की आवाज सुनते ही अपने घरो से कूडादान लेकर गेट पर खडें हो जाते है और जैसे ही कचरा एकत्रित करने वाली गाडी आती है तो नागरिक अपने घरो का कचरा उक्त वाहन में डालते है। प्रतिदिन अपने घरो से निकलने वाले कचरो एकत्रित कर कचरा वाहन में डालना अपने नागरिको की आदत बन गई। जिस कारण शहर के प्रत्येक वार्ड में हर गली साफ सुथरी नजर आती है। यह नगर पालिका एक बहुत बडी उपलब्धि में से एक है।*

### अवैध रूप से स्टॉक में रखा गया खाद, भंडार केंद्र को किया गया सील

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर सागर एसडीएम अदिति यादव के द्वारा कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से भंडारण करने पर खाद भंडार केंद्र को सील किया गया है और आगे की पुलिस कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम अदिति यादव ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी आर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में कहीं भी अवैध रूप से खाद का भंडारण या कालाबाजारी नहीं होना चाहिए जिसके परिपेक्ष में लगातार निगरानी की जा रही है । इसी परिपेक्ष में आज शाहपुर में संयम जैन के द्वारा शाहपुर में, सत्यम टेंडर्स के द्वारा अपने दुकान के भंडारण कमरों में डीएपी, पोटाश का भंडारण किया गया है। विक्रेता के पास 500 बोरी से अधिक डीएपी एवं 50 बोरी से अधिक यूरिया का अवैध भंडारण पाया गया, साथ ही विक्रेता के द्वारा यूरिया 266 रुपए कीमत बाली यूरिया 450 रुपए से अधिक की कीमत में बेचना भी पाया गया। उक्त फर्म अधिकृत विक्रेता है किंतु भंडारण में पाई गई खाद के आवक की रसीदें नहीं है तथा श्रोत से भेजी गई खाद का कोई प्रमाण नहीं है। पीओएस मशीन में आवक भी प्रदर्शित नहीं हो रही है किसी भी प्रकार की साक्ष्य उपलब्ध न होने पर भंडार केंद को सील किया जा रहा है तथा पुलिस कार्यवाही की जा रही है। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि राजेश त्रिपाठी के साथ राजस्व, कृषि और पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

### नपाध्यक्ष मनोज तिवारी ने पौधरोपण किया

**गढ़ाकोटा।** जनहित एवं विकास कार्यों में तत्पर रहने वाले नगर पालिका अध्यक्ष मनोज तिवारी का जन्मदिन शुक्रवार को कार्यकर्ताओं ने बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर अध्यक्ष मनोज तिवारी ने पौधों रोपण किया और नगर के विभिन्न मंदिरों में सुंदर कांड का आयोजन किया गया। जहां तिवारी पहुंचे और नगर वासियों की सुख समृद्धि की भगवान से कामना की।

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में बरेली नगर पंचायत की रैंक में सुधार

## जिले में आया तीसरा स्थान, प्रदेश में 211 से 233वां स्थान मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶बरेली

बरेली स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 का परिणाम घोषित हो गया नगर पंचायत बरेली का जिले में तीसरा स्थान और प्रदेश में 233वा स्थान मिलने से प्रदर्शन बेहतर रहा 2023 की तुलना में 2024 में प्रदेश स्तर पर 233 रैंक के साथ जिले में तीसरा स्थान मिलने से नगर पंचायत के सफाई मित्रों नगर पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष पार्षदों में हर्ष का माहौल बना हुआ है।।



नगर का तेजी से विस्तार हुआ जनसंख्या भी तेजी से बड़ी जिससे नगर में सड़कों मकान कॉलोनी की तेजी से संख्या बड़ी नगर की साफ सफाई व्यवस्था में बहुत कुछ सुधार हुआ है। इसके बाद भी सुधार होने की जरूरत है, सबसे बड़ी समस्या नगर के नालियों सड़कों पर भारी अतिक्रमण होने से नियमित साफ-सफाई में हमेशा समस्या बनी रहती है। सड़कों के किनारो पर दिन-रात वाहनों का खड़ा रहना भी साफ सफाई में बाधा बना रहता है। नगर में अनेक ऐसी भी सके हैं, जिनके किनारे पानी की निकासी के लिए नालियां ही नहीं बनी है बरसों पुरानी नदियों का गहरी साफ सफाई और क्षतिग्रस्त नदियों के निर्माण से सफाई व्यवस्था को गति मिल सकती है।

नगर पंचायत में हर नगर पंचायत को 20 से 50000 की जनसंख्या वाले नगरों में जिले में तीसरा स्थान और प्रदेश में 233 वह स्थान मिलने से हर्ष बना हुआ है।

नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत सीएमओ हरिशंकर वर्मा ब्रांड एंबेसडर सुरेश विधवा एवं पार्षदों ने सफाई मित्रों एवं जुड़े कर्मचारियों को बधाई शुभकामनाएं देते हुए आगे और अच्छी साफ सफाई व्यवस्था करने करना व्यक्त की है।

# दो दिन से नहीं हुई बारिश, धूप ने बढ़ाई गर्मी-उमस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶बरेली

पिछले दो दिनों से बारिश न होने के साथ निकलता ही फेसबुक से गर्मियों उमस का माहौल बना हुआ है। मौसम साफ रहने से जहां क्षेत्र के निवासी रात महसूस कर रहे है। वहीं किसानों का अधिकांश समय खेतों पर धान रोपाई या फिर समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी केंद्र पर लगी लंबी लाइनों में बीत रहा है। पहले बारिश और आप तेज धूप गर्मी के बने परेशानियां भरे माहौल में दिन-रात मूंग की सुरक्षा के लिए ट्रैक्टर ट्रालियों पर बना रहना या मूंग की तौल कराई जा रही है।

पिछले एक माह में बारिश का कोटा आदेश से अधिक पूर्ण हो चुका है 575 मिली मीटर बारिश हो चुकी है अभी जुलाई के साथ अगस्त और सितंबर का बारिश का वाले महीना शेष है

**क्षेत्र में धान रोपाई कार्य युद्ध स्तर पर हो रहा**



अभी तक कोई बारिश से यह अनुमान लगाया जा रहा है। कि इस वर्ष क्षेत्र में औसत 40 से 45 इंच से भी अधिक बारिश होगी जो वर्तमान में धान की फसलों के साथ रवि सीजन की फसलों के लिए बड़ी लाभप्रद हो सकती है।

बड़ा भूजल स्तर धान की खेती के लिए भरपूर बारिश होना जरूरी है जिससे सुविधापूर्ण ढंग से धान की रोपाई हो सके इसी के साथ जब जरूरत हो किसान धान में पानी दे सके इसके लिए नलकूपों में पानी भी होना चाहिए पिछले दिनों में अधिकांश समय रिमझिम बारिश से जमीन के भीतर अपनी जान से नलकूपों का तेजी से जल स्तर बढ़ने से किस राहत महसूस कर रहे हैं। एक बार की बारिश के असर से जा देखो वहां हरियाली का नजारा बना हुआ है। जिससे पशुओं को आसानी से चारा मिलने लगा है।

### परशुराम सेना के पदाधिकारी ने हरदा कांड पर जताया विरोध, मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**बरेली।** पिछले दिनों हरदा नगर में पुलिस द्वारा राजपूत समाज करणी सेना के कार्यकर्ताओं पर अमानवीय व्यवहार, झूठे प्रकरण बनाकर जेल भेजने जैसे कृत का परशुराम सेना के पदाधिकारी ने विरोध करते हुए घटना के दोषियों पर प्रभावी कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार रामजीलाल वर्मा को सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा कि हरदा में राजपूत समाज के शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर प्रशासन द्वारा अत्यधिक बल प्रयोग किया। करणी सेना के कार्यकर्ताओं को झूठे प्रकरण बनाकर गिरफ्तार किया और जेल भेजा, लाठी चार्ज जैसा अमानवीय कृत्य किया। परशुराम सेना, प्रदेश करणी सेना के साथ है।

### पुलिस ने की कार्रवाई सट्टा खाईबाज गिरफ्तार

**बरेली।** नगर में सट्टे का कारोबार अमरबेल की तरह फैलता जा रहा था जिसको लेकर आए दिन पुलिस के द्वारा कार्यवाही की जा रही थी। लेकिन जिस तरह पुलिस कार्यवाही कर रही थी इस तरह नगर में सट्टा खिलौने वाले नए-नए तरीके इजाद करने में लगे हुए थे। वर्तमान में देखा जा रहा था कि अधिकतर सट्टे का कारोबार मोबाइल के माध्यम से संचालित हो रहा था। जिसको लेकर कार्यवाही में पुलिस को परेशानी का सामना करना पड़ता था। ऐसी स्थिति में पुलिस के द्वारा सट्टा का व्यापार करने वालो का मोबाइल नंबर आदि पर नजर रखी जा रही थी।नवागत एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती के निर्देशन मे थाना प्रभारी के द्वारा अपराधिओं के ठिकानो पर लगातार कार्यवाही जारी है।

इस दौरान बीते शुक्रवार को ठाकुर मोहल्ला में बबलू ठाकुर पिता गोपाल को सट्टा खिलाते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया जिससे 870 रूपये एवं 4 सट्टा पर्ची बरामद की गई।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने शिवनारायण कुशवाह पुत्र श्री राजाराम कुशवाह निवासी ग्राम नौलास तहसील गुलाबगंज जिला विदिशा म.प्र. के स्वत्व व आधिपत्य की भूमि ग्राम नौलास प.ह. नम्बर 51 तहसील गुलाबगंज जिला विदिशा म.प्र. में स्थित भूमि सर्वे नम्बर 369/2 रकवा 1.128 हे. भूमि में से रकवा 0.836 हे. भूमि एवं भूमि सर्वे नम्बर 368/2/1 रकवा 1.332 हे.भूमि में से रकवा 0.314 हे. भूमि कुल किता 02 कुल रकवा 1.150 हे. भूमि, जिसकी चतुरसीमायें पूर्व में- भूमि कृपाराम कुशवाह, पश्चिम में- भूमि मदन सिंह कुशवाह, उत्तर में- प्रधानमंत्री सडक, दक्षिण में- शेष भूमि अनुबंधकर्ता है, उक्त भूमि को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का लिखित अनुबंध किया है, जिसके पालन में शीघ्र विक्रय पत्र निष्पादित कराना है।

यदि किसी व्यक्ति साहूकार, संस्था, सोसाइटी राष्ट्रीयकृत बैंक, प्राइवेट बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक या शासकीय सहकारी समिति एवं अन्य किसी का उक्त भूमि पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार प्रभार हो अनुबंधित भूमि कहीं रहन, बंधक, विक्रय हो अथवा किसी भी प्रकार का हक दस्तावेज हो या कोई दखल रखता हो, अथवा उक्त अनुबंध के संबंध में अन्य कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय असल दस्तावेज के आकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि उपरांत मेरा पक्षकार विक्रय पत्र सम्पादित करा लेगा। तथा उसके उपरांत कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

भवदीय **विनोद कुमार साहू** एडवोकेट
सेंटमेरी कॉलेज के सामने विदिशा म.प्र.
मोबा:-9993490175

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री वीरभान सिंह जाति यादव निवासी वार्ड नम्बर 09, वेत्रवती मार्ग, तोपपुरा विदिशा, तहसील व जिला विदिशा म.प्र. के स्वत्व व आधिपत्य की भूमि ग्राम आमाछाबार प.ह. नम्बर 57 नया 16, तहसील नगर विदिशा जिला विदिशा म.प्र. में स्थित भूमि सर्वे नम्बर 290/2 रकवा 2.208 हे. भूमि में से एक भूखण्ड जो मौके पर 150 फिट वाय 150 फिट यानि 22500 वर्गफिट, जिसकी चतुरसीमायें पूर्व में- प्रधानमंत्री सडक, पश्चिम में-शेष भूमि विक्रेता, उत्तर में- शेष भूमि विक्रेता, दक्षिण में-गोविन्द यादव की भूमि है, उक्त भूखण्ड को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का अनुबंध किया है, जिसके पालन में शीघ्र रजिस्टर्ड विक्रय पत्र निष्पादित कराना है।

यदि किसी व्यक्ति साहूकार, संस्था, सोसाइटी राष्ट्रीयकृत बैंक, प्राइवेट बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक या शासकीय सहकारी समिति एवं अन्य किसी का उक्त भूखण्ड पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार-प्रभार हो, अथवा भूखण्ड कहीं रहन, बंधक, विक्रय हो अथवा किसी भी प्रकार का हक दस्तावेज हो या कोई दखल रखता हो, अथवा उक्त विक्रय अनुबंध के संबंध में अन्य कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय असल दस्तावेज के आकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि उपरांत मेरा पक्षकार रजिस्टर्ड विक्रय पत्र सम्पादित करा लेगा। तथा उसके उपरांत कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

भवदीय **सुनील अहिरवार** एडवोकेट
मकान नम्बर ई-20, श्री बालाजी
आर्किड कॉलोनी विदिशा म.प्र.
मोबा:-9425687534, 8982621612

### शिकायतों के आधार पर प्राचार्य का जिले से बाहर हुआ ट्रांसफर

# सिलवानी गबनकांड के आरोपी प्राचार्य का बाड़ी से किया तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶बरेली

जिले के सिलवानी विकासखंड शिक्षा कार्यालय में एक करोड़ से अधिक राशि का गवन हुआ। उसी मामले में बाड़ी शासकीय कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ प्राचार्य घनश्याम मेहरा उक्त मामले में आरोपी है। बाड़ी कन्या शाला में पदस्थ रहते हुए उनके कारनामें की शिकायतें होती रही और हमेशा चर्चाओं विवादास्पद स्थिति का कारण 28 में 25 को स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव द्वारा उनका ट्रांसफर रायसेन जिले के बाहर सीहोर जिले भेरूंदा विकासखंड के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोपालपुर कर दिया गया।

भोपाल से आदेश रायसेन जिला मुख्यालय पहुंचने में दो महाकाव्य में लग गया ट्रांसफर होने की भनक लगते ही अनेक मामलों में विवादास्पद रहे, प्राचार्य मेहरा जुगाड़ लगाकर ट्रांसफर रुकवाने सक्रिय बने हुए हैं।




ब्लॉक सिलवानी कार्यालय में हुए एक करोड़ से अधिक राशि के गवन मामले में घनश्याम मेहरा आरोपी है। उसी के साथ बाड़ी की शासकीय कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य रहते हुए साल प्रबंधन समिति के अनुरक्षण कार्यों में अनियमितताएं, समिति की महिला सदस्य पार्षद के फर्जी हस्ताक्षर, अतिथि शिक्षक भर्ती में व्यापक स्तर पर अनियमिताओं के साथ संकुल केंद्र में वित्तीय अणुव्रत है। मनमानी कार्य प्रणाली शिकायत तो जांच का विषय बनी है। प्राचार्य रहते हुए मेहरा पूर्व में पास्को एक्ट के प्रकरण में भी आरोपी रह चुके हैं।

#### दो माह हो गए

शिकायतों के कारण एवं शिक्षा विभाग की छवि धूमल होने के कारण ही स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव द्वारा 28 में 25 को शासकीय कन्या है सेकेंडरी बड़ी के प्राचार्य घनश्याम मेहरा का ट्रांसफर और जिले के भेरूंडा ब्लॉक में किया गया। नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हो गया। परंतु स्थानांतरित प्राचार्य मेहरा का ट्रांसफर आदेश भोपाल से 40 से 45 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय रायसेन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय तक ना पहुंच पाना आश्चर्य का विषय बन गया ट्रांसफर की भनक लगते ही स्थानांतरित प्राचार्य मेहरा के चिकित्सा अवकाश पर चले जाने की चर्चा है जिससे शिक्षा विभाग का आदेश कार्य प्रणाली और प्राचार्य की मनमानी एक बार शिक्षा विभाग में व्यापक चर्चाओं का विषय बन रही है ट्रांसफर हुआ प्रचार मेरा ट्रांसफर रुकवाने का प्रयास कर रहे हैं आदेश के पालन में प्राचार्य मेरा चार्ज देंगे या अपनी पहुंच से अन्य मामलों की तरह ट्रांसफर को निरस्त करवाने में सफल हो जाएंगे चर्चाओं का विषय बन रहा है।

iti.kbtgroup.in
K.B.T.
PRIVATE ITI
Institute Code - PR23000909
Kusha Bhau Thakre Pvt. ITI Vidisha M.P.
NCVT नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त
NH-146,Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
ELECTRICIAN 2 Years 10th & 12th Pass (Math/Science)
HEALTH SANITARY INSPECTOR 1 Year-10th Pass

City Office : Cist College Near Water Tank, Arihant Vihar, Vidisha (M.P.)
07592-403481,796042,9893708149

## खबर संक्षेप

### बाबा अमरनाथ तीर्थ यात्रियों का जत्था रवाना



**रायसेन।** शहर के वार्ड 4 गोपालपुर क्षेत्र के पांच सदस्यीय तीर्थ यात्रियों के जत्थे का शुक्रवार को सुबह पिछड़ा वर्ग महासंघठन के अध्यक्ष विशाल कुशवाहा द्वारा फूलमालाओं से जोरदार स्वागत कर रवाना किया। जत्थे में राजू कुशवाहा, महेंद्र कुशवाहा भगीरथ, मूलचंद, संतोष कुशवाहा आदि शामिल हैं, जो जम्मू कश्मीर स्थित जय बाबा अमरनाथ बर्फानी के शिवलिंग के दर्शन पूजन करेंगे।

### स्पोर्ट्स एसोसिएशन के जिला सचिव बने कुरैशी

**रायसेन।** मध्यप्रदेश पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष



विवेक सिंह परिहार द्वारा जनसेवा हॉस्पिटल रायसेन के संचालक अज़हर कुरैशी को जिला पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन का सचिव नियुक्त किया है। ये एसोसिएशन दिव्यांग खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें खेल गतिविधियों से जोड़ते हुए राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में खेलने के अवसर प्रदान करता है। विकलांग खिलाड़ियों के लिए पैरा ओलंपिक का आयोजन भी किया जाता है। गत वर्ष आयोजित हुए पैरा ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया था। इसी को ध्यान में रखते हुए एमपी पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने प्रदेश के सभी जिलों में अपनी कार्यकारिणी का गठन करते हुए रायसेन में अज़हर क़ुरैशी को ये ज़िम्मेदारी सौंपी है। अज़हर कुरैशी को सचिव बनने पर मुकेश शर्मा, मयंक चतुर्वेदी, इरफान ख़ान ने बधाई दी।

### सड़क डिवाइडर के बीच किया पौधों का रोपण



**रायसेन।** नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में बारिश के चलते हरित क्रांति अभियान ने अब जोर कि पकड़ना शुरू कर दिया है। नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी और जनप्रतिनिधि सहित व्यापारी मिलजुल कर सड़क किनारे डिवाइडर के बीच पौधे रोपने का सिलसिला जारी रखे हुए हैं। नगर पालिका परिषद द्वारा हरित क्रांति महा अभियान अंतर्गत रोड के डिवाइडरों पर एवं खाली स्थान पर पौधों का रोपण किया जा रहा है। साथ ही साथ नगर पालिका द्वारा भोपाल रोड डिवाइडर एवं सागर रोड डिवाइडर पर ट्रीगार्ड लगाए जा रहे हैं। पौधों की सुरक्षा करने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री सुरेखा जाटव, नपाध्यक्ष सविता जमना सेन द्वारा दिए गए निर्देशों अनुसार ट्रीगार्ड लगाए जा रहे हैं। जिससे डिवाइडर पर लगे हुए पौधों की सुरक्षा की जा सके। डिवाइडरों को भी शहर की तरह हराभरा बनाया जा सके।नपा सीएमओ सुश्री जाटव के आदेश का पालन करने के लिए डीपीसी रानी तिवारी और उनकी टीम द्वारा ट्री गार्ड लगाने के लिए जुटीं।

### कन्या शाला व सेमरा में किया पौधरोपण

**दीवानगंज।** एक पेड़ मां के नाम का विशेष अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई, जिसके अंतर्गत हर नागरिक को अपनी मां या धरती मां के नाम पर एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से जिला विधिक प्राधिकरण में न्यायाधीश श्रीमती हर्षिनी यादव, जिला विधिक प्राधिकरण अधिकारी अनीस अब्बासी और पंचायत कर्मियों द्वारा दीवानगंज के प्राथमिक कन्या शाला और सेमरा के पंचायत भवन में पौधा रोपण किया। हरित प्रदेश अभियान के तहत सुरक्षित जगहों पर पौधरोपण किया जा रहा है।

### स्वच्छता सर्वेक्षण में बाड़ी, बरेली, औबेदुल्लागंज को छोड़कर बाकी सभी निकायों ने खोई अपनी पुरानी हैसियत

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की रैंक में रायसेन फिसड्डी

◆ रायसेन नगर पालिका नेशनल रैंक में भी 62 पायदान खिसकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में जमकर प्रचार प्रसार हुआ। साफ सफाई से लेकर स्वच्छता, सुंदर शहर की दीवार पेंटिंग, रैलियां निकाली गई और कई प्रतियोगिता कराई गई। स्वच्छता के खूब ढोल पीटे गए, लेकिन वह नेशनल और राज्य स्तर की रैंकिंग में खिसक गया है। इतना ही नहीं नहीं स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में जिले के नगरी निकाय बाड़ी बरेली औबेदुल्लागंज को छोड़कर बाकी सभी नगर पालिकाओं नगर परिषदों ने अपनी पुरानी हैसियत को खो दिया है।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के परिणाम हाल ही में जारी कर दिए गए हैं, जिसमें रायसेन जिले के तीन निकायों को छोड़कर बाकी सभी नगरीय निकायों ने अपनी पुरानी हैसियत भी खो दी है। बाड़ी, बरेली और औबेदुल्लागंज में जरूर पिछले साल की तुलना में थोड़ा सुधार किया है। अब इसके कई कारण गिनाए जाएंगे, बहाने बताए जाएंगे। लेकिन हकीकत यही है कि कागजी प्रयासों से बेहतर कुछ नहीं कर पाने का परिणाम ही है कि हर नगरीय निकाय की रैंक की साख पिछले सर्वेक्षण की तुलना में गिरी है।

नगर पालिका परिषद ने कई काम किए, लेकिन इससे रैंकिंग में सुधार की जगह गिरावट ही हुई है। रायसेन नपा परिषद को सबसे बड़ा नुकसान शहर तथा बाजार की सफाई व्यवस्था, पब्लिक टॉयलेट की सफाई और कचरा अलग-अलग करने में हुआ है। यही चार काम स्वच्छता की दृष्टि से प्रमुख माने जाते हैं। और इन्हीं में बहुत कम अंक मिले हैं। जबकि नपा परिषद ने बाकी कामों में पूरी ताकत झोंक रखी थी।

**स्टेट और नेशनल लेवल पर बढ़ा**

| वर्ष | स्टेट लेवल | नेशनल |
|---|---|---|
| 2019 | 11 | 25 |
| 2020 | 13 | 74 |
| 2021 | 28 | 131 |
| 2022 | 50 | 115 |
| 2023 | 62 | 131 |
| 2024 | 195 | 162 |

सौंदर्यीकरण की दिशा कई काम किए, लेकिन वो अंकों में नहीं बदल सके। यही कारण है कि रायसेन नगरपालिका परिषद ने अपनी बनी साख भी खो दी। ताजा नतीजों में रायसेन सहित अन्य निकायों में स्टेट और नेशनल दोनों ही तरह की रैंकिंग में गिरावट हुई है। सबसे बुरी हालत पब्लिक टॉयलेट की सफाई की श्रेणी में रही है, जहां सिर्फ 25 प्रतिशत अंक मिल पाए।

### इन निकायों ने बचाई लाज.....

जिले के तीनों नगरीय निकायों ने बीते साल की तुलना में बेहतर परिणाम प्राप्त कर जिले की लाज बचाई है। नप ओबेदुल्लागंज ने स्टेट रैंकिंग में पिछले साल के 164वें स्थान से उठकर102 वां स्थान हासिल किया है। वहीं नेशनल रैंकिंग में पिछले साल के 330 वें स्थान से छलांग लगाकर 63 वां स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह बाड़ी नगर परिषद नेस्टेट लेवल में276 वें स्थान से ऊपर उठकर 243 वां तथा नेशनल रैंकिंग में 585 वें पर आकर 322 वां स्थान अर्जित किया है। इसके अलावा नगर परिषद बरेली ने स्टेट रैंकिंग में 299 वें स्थान सेउठकर 233वें, नेशनल स्तर रैंकिंग में 655 से उठकर 198 वां स्थान प्राप्त किया है।

**निकायों की आईना दिखाती ताजा रिपोर्ट...**

| | रैंकिंग श्रेणी | रायसेन | मंडीदीप | उदयपुरा | सांची | ओगंज | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| घर घर कचरा कलेक्शन | 89 | 98 | 89 | 100 | 33 | 73 | 30 | 99 | 38 | 68 | 46 |
| कचरा पृथक्करण | 58 | 51 | 47 | 51 | 39 | 19 | 17 | 44 | 16 | 37 | 18 |
| कचरा निष्पादन | 99 | 99 | 100 | 58 | 98 | 99 | 99 | 99 | 98 | 98 | 98 |
| डंप स्थान की स्वच्छता | 100 | 100 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 100 |
| आवासीय क्षेत्र की सफाई | 83 | 63 | 50 | 100 | 100 | 100 | 83 | 100 | 100 | 100 | 67 |
| बाजार की सफाई | 80 | 75 | 100 | 100 | 100 | 33 | 100 | 100 | 100 | 75 | 50 |
| जलस्रोतों की सफाई | 100 | 00 | 100 | 00 | 100 | 100 | 100 | 00 | 00 | 0 | 0 |
| पब्लिक टॉयलेट की सफाई | 25 | 67 | 00 | 100 | 100 | 100 | 100 | 00 | 00 | 00 | 50 |



**इनका कहना है**

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में रायसेन जिले की तीनों नगरीय निकायों ने पिछले साल की तुलना में हमने हर स्तर पर बेहतर परिणाम प्राप्त करने का प्रयास किया है, फिर भी रैंक गिरी। यह समझ से परे है। खामी कहाँ रह गई। इस पर पूरी टीम एक साथ बैठकर निष्कर्ष निकालेंगे। हालांकि हमें एक स्टार और ओडीएफ प्लस भी मिला है।

- **सुश्री सुरेखा जाटव,** सीएमओ नगर पालिका रायसेन

**ऐसी रही जिले के नगरीय निकायों की स्थिति**

| निकाय | स्टेट रैंक 2023 | स्टेट रैंक 2024 | नेशनल रैंकवर्ष 2023 | नेशनल रैंकवर्ष 2024 |
|---|---|---|---|---|
| रायसेन | 62 | 195 | 130 | 162 |
| मंडीदीप | 66 | 324 | 147 | 246 |
| उदयपुरा | 93 | 180 | 189 | 240 |
| सांची | 152 | 268 | 312 | 361 |
| औबेदुल्लागंज | 164 | 102 | 330 | 63 |
| गैरतगंज | 208 | 230 | 428 | 302 |
| बेगमगंज | 228 | 337 | 469 | 457 |
| सुल्तानपुर | 241 | 187 | 499 | 248 |
| सिलवानी | 255 | 320 | 535 | 483 |
| बाड़ी | 276 | 243 | 585 | 322 |
| बरेली | 299 | 233 | 655 | 198 |

## क्षेत्र में 8 दिन से नहीं हो रही बारिश, सूखे धान के गड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र में 8 दिन से बारिश न होने के कारण धान फसल सूखने की स्थिति में आ गई है। यह स्थिति चिंताजनक है क्योंकि धान की फसल को पर्याप्त पानी की आवश्यकता होती है। 8 दिनों से बारिश न होने के कारण, खेत सूख गए हैं और पौधों को आवश्यक नमी नहीं मिल पा रही है, जिससे वे सूखने लगे हैं।

यदि खेत में पानी की कमी होती है, तो खरपतवार उग सकते हैं, जो धान के पौधों के साथ पानी और पोषक तत्वों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिससे फसल को और नुकसान होगा। यदि बारिश नहीं होती है, तो फसल को सूखे का



सामना करना पड़ सकता है, जिससे उपज में भारी गिरावट आ सकती है।

पिछले 8 दिन से अधिक समय से बारिश न होने से दीवानगंज क्षेत्र के किसान बेहाल है। क्षेत्र में अब तक 65 प्रतिशत से अधिक क्षेत्रफल में धान की रोपाई हो चुकी है। परन्तु बारिश न होने से ज्यादातर फसल सूख रही है। पानी न मिल पाने से धान का उत्पादन प्रभावित होने की संभावना है।

### वाहनों का अवागमन जारी प्रशासन की लापरवाही से हो सकता है बड़ा हादसा

## ग्राम मुंआर से प्रतापगढ़ जाने वाली सड़क की पुलिया हुई क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

लगातार बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। सड़कों व पुल पुलियों की खराब होती जा रही है। सड़कों पर कई लंबाई, गहराई, चौड़ाई के गड्ढे हो गए है। गड्ढो को देखकर यह समझ ही नहीं आता कि सड़क में गड्ढे है गड्ढो में सड़क। ग्रामीण सड़कों की पुल-पुलिया की दशा दयनीय हो गई है यहां से सफर करना खतरों से खाली नही हैं।

जानकारी के अनुसार मुआर ग्राम से प्रतापगढ़ जाने वाली सड़क क्षतिग्रस्त होना बताया जा रहा है, मुआर ग्राम के पास प्रतापगढ़ मार्ग पर स्थित पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिया क्षतिग्रसत होने से सड़क से लग कर एक बड़ा गड्ढा हो गया है जो कि आवागमन में परेशानी का कारण बन रहा हैं। दिन रात के समय अनेंको दो पहिया सहित अनेको भारी



वाहन इस सड़क पर से निकलते है।

### कभी भी हो सकता है हादसा

इस क्षतिग्रस्त पुलिया से करीब 25 ग्रामों के रहवासी आवागमन करते है। यहां से अनेको स्कूली छात्र छात्राए, मजदूर, ग्रामीण, कर्मचारी, किसान आदि आवागमन करते है। लेकिन पुलिया क्षतिग्रस्त होने व बड़ा गडढा बन जाने से हमेशा ही हादसा होने का अंदेशा बना रहता है। वाहन चालक की जरा सी चूक हादसे का कारण बन सकती है।

ग्रामीण यशपाल रघुवंशी ने बताया कि पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। चूंकि सड़क ग्रामीण सड़क होने के कारण सकरी है। यहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोडिंग वाहन, स्कूली विद्यार्थी, किसान मजदूरो आदि का आवागमन होता है। वर्तमान में खेतो में धान लगाए जाने का काम तेजी से चल रहा है।

धान के गढ़ो में मिटटी मचाने का कार्य ट्रेक्टरो से कराया जा रहा है। कई ट्रेक्टर मिटटी मचाए जाने का कार्य कर रहे है। इसके अतिरिक्त धान का रोपा लगाए जाने के लिए बनाए गए गढ़ो में मशीनो से रोपा लगाने का कार्य चल रहा है। इसके अतिरिक्त मजदूरो के द्वारा भी रोपा लगाया जा रहा है। ग्रामों में मजदूरो की पर्याप्त उपस्थिति ना होने से अन्य ग्रामो से मजदूरो को लोडिंग वाहनो में भर कर लाया जा रहा है। एक लोडिंग वाहन मे 30 से 40 मजदूरो को अन्य ग्रामों से भर कर लाया जा रहा है। सभी लोडिंग वाहन क्षतिग्रस्त पुलिया के वाजू से ही गुजरते है।

### कराई जाए मरम्मत


*ग्रामीण मोहन सिंह, कमलेश ठाकुर, लाल सिंह, अजब दास आदि ने कहा कि प्रशासन को तत्काल ही क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत करानी चाहिए ताकि हादसों की संभावना को समाप्त किया जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि स्टेट हाईवे 44 सिलवानी उदयपुरा मार्ग पर भी सैंकड़ो की संख्या में बड़े बड़े गड्ढे हो गए है। इन गड्ढों की भी मरम्मत कराई जावे।*

## 40 किमी पदयात्रा करेंगे कांवड़ यात्री, नर्मदा जल से करेंगे भगवान भोलेनाथ का अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

सावन माह शिव की पूजा अर्चना करने श्रद्धालु उत्साहित है। भगवान शिव का जलाभिषेक किए जाने को लेकर शिव भक्त 40 किलोमीटर की पदयात्रा कर कांवड़ में पवित्र नर्मदर नदी का जल भर कर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करेगें।

कार्यक्रम तहसील के चंद्रपुरा ग्राम में सावन के द्वितीय सोमवार को आयोजित किया जाएगा। युवा समाजसेवी, धार्मिक कार्यो में अग्रणी रहने वाले चंद्रपुरा ग्राम



निवासी जयदीप पटेल के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसके तहत अनेको कावड़ यात्री बौरास स्थित पुण्य सलिला मॉ नर्मदा की पूजा अर्चना के बाद कांवड़.मे नर्मदा जल भर कर करीब 40 किमी का सफर पैदल तय कर चंद्रपुरा ग्राम पहुंच कर पूजा अर्चना के बाद शिव का जलाभिषेक करेगें।

कांवड़ यात्री डीजे पर बनजे वाले भक्ति गीतो पर नांचते गाते नृत्य कर, भाव विभोर होकर 40 किलो मीटर की कांवड़ यात्रा को पूर्ण करेगें। श्री हरिहर महादेव व मॉ नर्मदा कांवड़ यात्रा समिति के वेनर तले आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम के तहत ग्राम में द्वितीय सावन सोमवार को सुबह 8 बजे भगवान महादेव का जलाभिषेक और अमरनाथ स्वरूप का रुद्राभिषेक किया जाएगा।

पार्थिव शिवलिंग निर्माण में महिलाएं और श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। यहां परा भजन संध्या और भंडारा भी आयोजित होगा। आयोजक समिति ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में सहभागिता कर पुण्य अर्जन करने का आग्रह किया है।

## छोला-सेमरा जोड़ पर ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, बाइक सवार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

शनिवार को कुलहड़िया गांव के पास स्थित छोला सेमरा जोड़ पर ट्रक क्रमांक




एमपी 04 जेडएल 0164 ने बाइक क्रमांक एमपी 04 बायएन 3121 को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस से सांची सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है।

### बाइक टकराने के मामूली विवाद को लेकर दो युवकों से मारपीट, एक घायल विदिशा रेफर

**सलामतपुर।** बीती रात ग्राम बालमपुर के पास मोटरसाइकिल आपस में टकराने की मामूली बात को लेकर हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। जानकारी के अनुसार अजय लोधी व बसंत लोधी भोपाल से मोटरसाइकिल से आ रहे थे, तभी उनकी बाइक बंटी मेहर की बाइक से टकरा गई। विवाद के बाद आरोपी बंटी ने अपने साथियों राजीव मीना, संदीप मीना और शैतान सिंह मीना को बुला लिया। आरोपियों ने दोनों युवकों का पीछा करते हुए हाइवे के नाना ढाबा के सामने उन्हें रोका और मारपीट की। जिससे अजय लोधी घायल हो गया। सूचना पर सलामतपुर थाने सहित चौकी पुलिस का अमला मौके पर पहुंचा और घायल अजय लोधी को सांची अस्पताल पहुंचाया जहां से उचित इलाज के लिए उसे विदिशा रेफर किया। फरियादी बसंत लोधी की रिपोर्ट पर चारों आरोपियों पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### हरी सब्जियों की कीमतें छू रहीं आसमान, रेट सुनकर ग्राहक हैरान

## महंगाई : गरीबों की थाली से हरी सब्जियां गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

लगातार बारिश में सब्जियों की आवक घटने से रसोई का बजट बिगड़ रहा है, फूलगोभी एक सप्ताह में 20 रुपए किलो से 120 किलो पर पहुंच गई। ऐसे में गरीब, मध्यम वर्गीय लोगों को हरी सब्जियां खरीदना मुश्किल हो रहा है। जो लोग एक किलो सब्जी ले रहे थे, वह महंगाई के कारण अब कम मात्रा में खरीद रहे हैं। फुटकर सब्जी बाजार में उपभोक्ताओं के दाम सुनकर कान खड़े हो रहे हैं।

**आलू, प्याज छोड़कर सभी के दाम बढ़े:** पिछले दिनों से लगातार बारिश का दौर जारी है, जिससे स्थानीय सब्जी की आवक तो घट ही गई है। साथ ही दूसरे शहरों से आने वाली सब्जी के दाम बढ़ गए हैं, एक सप्ताह में सब्जियों के दाम दोगुने से अधिक गए हैं। हरी मिर्ची व धनिया 100 से 150 रुपए किलो बिक रही है। बारिश में पालक सहित अन्य हरी भाजी खराब हो रही है। बाजार में यदि पालक



आ भी रही है, तो 80 रुपए किलोग्राम में मिल रही है। आलू, प्याज को छोड़कर सभी सब्जियों के दामों में इजाफा हो रहा है।

फुटकर सब्जी विक्रेता संतोष कुशवाहा, विशाल कुशवाहा, प्रमोद कुशवाहा, विशाल कुशवाहा ने बताया कि भोपाल से सबसे ज्यादा हरी सब्जी आती है। स्थानीय किसान गांवों से कम मात्रा में सब्जी की खेती करते हैं। बाहर से आ रही सब्जी के थोक दामों में वृद्धि हुई है, जिससे फुटकर सब्जी के दाम बढ़ गए हैं। यदि इसी तरह सब्जी के दाम बढ़ते रहे तो लोगों के दाल अंडों से काम चलाना पड़ेगा।

**सब्जियों के दाम (किलो में)**

| सब्जी | सप्ताहभर पहले | अब |
|---|---|---|
| गोभी | 20 | 120 |
| कद्दू | 20 | 40 |
| बैगन | 20 | 50 |
| पालक | 40 | 80 |
| शिमला मिर्च | 60 | 100 |
| करेला | 50 | 80 |
| अरबी | 50 | 60 |
| चुकंदर | 60 | 80 |
| गाजर | 60 | 80 |
| भिंडी | 50 | 60 |
| टमाटर | 50 | 60 |
| आलू | 20 | 20 |
| प्याज | 20 | 25 |

## कर्क रेखा पर बढ़ा सेल्फी का क्रेज, सुरक्षा के नहीं इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

जिले का कर्क रेखा स्थान जो भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर स्थित है ने अपनी अनूठी पहचान के चलते पर्यटकों के लिए एक आकर्षक सेल्फी प्वाइंट बना लिया है। यहां शनिवार और रविवार को पर्यटकों की भीड़ और बढ़ जाती है, जिसमें पर्यटक परिवार सहित पहुंचते हैं, जो इस स्थान की ख्याति के बारे में सुनकर रुकते हैं और सेल्फी खींचते हैं।

हालांकि, इस स्थान पर सुरक्षा व्यवस्था का अभाव चिंता का विषय बना हुआ है। पर्यटक, खासकर बच्चे और परिवार, अपनी जान जोखिम में डालकर हाईवे पार करते हैं, क्योंकि सड़क पर किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था या संकेत नहीं हैं। यह स्थिति संभावित हादसों को बढ़ावा



दे सकती है। इस कर्क रेखा स्थान की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए, पर्यटन विभाग को सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता है।

यदि यहां बेहतर व्यवस्थाएं, जैसे सुरक्षित सड़क पार करने के लिए मार्ग, संकेतक बोर्ड, और सेल्फी पॉइंट्स की उपयुक्त डिजाइनिंग हो, तो यह न केवल पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता है, बल्कि उन्हें और अधिक आकर्षित भी कर सकता है।